**मेला** | सात दिवसीय बाणगंगा मेला का सासंद ने फीता काटकर किया शुभारंभ, मेला धार्मिक आस्था एवं संस्कृति का प्रतीक : विधायक

# बाणगंगा मेला ऐतिहासिक परपंरा, भव्यता एवं दिव्यता का अद्भुत संगम : हिमाद्री सिंह

**शहडोल, नवभारत ।** सांसद संसदीय क्षेत्र शहडोल हिमाद्री सिंह ने मकर संक्रांति के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल के बाणगंगा मैदान में आयोजित होने वाले सात दिवसीय बाणगंगा मेला का शुभारंभ फीता काटकर, ध्वजारोहण एवं मॉ सस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया।

बाणगंगा मेला के शुभारंभ अवसर पर सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐतिहासिक एवं पौराणिक काल से लगने वाला बाणगंगा मेला शहडोल संभाग के लिए आकर्षण का केंद्र है यहां ऐतिहासिक परपंरा, भव्यता एवं दिव्यता का अद्भूत संगम है। उन्होंने कहा कि बाणगंगा मेले का आयोजन में भव्यता होती है और पीढ़ी दर पीढ़ी इसकी भव्यता बढ़ती जा रही है यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आधुनिक युग में भी ऐतिहासिक परंपरा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी बाणगंगा मेला की भव्यता बनी रहें।





सांसद ने लोगो को मकर संक्रंति की शुभकामनाए भी दी।

### प्रतिदिन आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि बाणगंगा मेला के आयोजन के लिए लोगो में उत्सुकता होती है। यह मेला धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोगो में बाणगंगा मेले के आयोजन आत्मीय जुड़ाव होता है, यहॉ दूर-दराज के क्षेत्रो से आने वाले लोगो को जरूरत की सामग्रिया उपलब्ध होती जो अपने जरूरतों के हिसाब से खरीददारी करते है। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्षघनश्याम जायसवाल ने कहा कि बाणगंगा मैदान में आयोजित होने वाला बाणगंगा स्थल पर यह प्राचीन मेला अति पुरातंन है यहां पर पाण्डव कालीन अनेक दृश्य एवं प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 7 दिवसीय मेला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी जिसमें भजन संध्या व विराटेश्वरी जागरण के स्थानीय कलाकरों की प्रस्तुति, 15 जनवरी को सुनील माणिकपुरी द्वारा छत्तीसगढ़ी सास्कृतिक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम, 16 जनवरी को भजन सम्राट धर्मेंद्र पाण्डेय द्वारा सुल्तानपुर की प्रस्तुति, 17 जनवरी को गोलू अहिरवार व अन्य कलाकारो द्वारा बुंदेलखंडी कार्यक्रमों की प्रस्तुति, 18 जनवरी को दर्पण आर्केस्ट्रा ग्रुप ममता वर्मा द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति, 19 जनवरी को कराओके कार्यक्रम डांस शो बाम्बे मेलोडी अनिल समुन्द्रे की प्रस्तुति एवं 20 जनवरी को आर्केस्ट्रा नाईट स्थानीय कलाकारो द्वारा प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र होंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम सांय 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होंगे। बाणंगगा मेला के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस अवसर पर विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्वत, सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग, उपाध्यक्ष नगरपालिका प्रवीण शर्मा, समाजसेवी अजय अवस्थी सहित पार्षद, गणमान्य नागरिक, नगरपालिका अमला, पत्रकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन दिलीप अग्रवाल ने किया।




# शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने आयोजित की गई जल सुनवाई

**शहडोल नवभारत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश भर में स्वच्छ जल अभियान 31 मार्च तक चलाया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से शुरू हो चुका है जो 28 फरवरी तक चलाया जाएगा।

द्वितीय चरण 01 मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। इस अभियान का उदेश्य जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता का व्यापक परीक्षण करना, स्वच्छ जल के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित और जल जांच प्रक्रिया में सहभागिता के लिए जागरूक करना है।जल आपूर्ति प्रणाली में लीकेज, दूषित जल की पहचान कर समय पर सुधार करना जिससे जलजनित बीमारियों से बचाव एवं वार्डों तथा पंचायत स्तर पर जल संबंधी शिकायतों का निराकरण कराना है।इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल नगर पालिका के अमला द्वारा शहडोल के 4,5,25 एवं 26 वार्ड नंबर में जल सुनवाई आयोजित की गई। जल सुनवाई में लोगों को द्वारा शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने एवं पेयजल की गुणवत्ता परखने हेतु आवेदन दिया गया।

# मकर संक्रांति पर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में खिचड़ी का किया गया वितरण





**शहडोल, नवभारत ।** न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी के भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन श्री बालाजी ऑयल टायर और बैटरी के प्रोपराइटर पंकज पोद्दार, शीतल पोद्दार तथा पूर्व पार्षद कविता पोद्दार के सौजन्य से किया गया। उल्लेखनीय है कि यह भंडारा विगत कई वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र में सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बन चुका है। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध एवं स्वादिष्ट खिचड़ी की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। आयोजन स्थल पर अनुशासन और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजकों ने बताया कि मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर सेवा और सहयोग की भावना से किया गया यह आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करता है। स्थानीय नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे नगर के लिए एक प्रेरणादायक बताया। मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर आयोजित खिचड़ी भंडारे ने पूरे क्षेत्र में उत्सव और उल्लास का वातावरण बना दिया।



# आनंद उत्सव से मिलता है सकारात्मक सोच और मानसिक सुकून

▸कंचनपुर के शासकीय हाई स्कूल में आयोजित हुआ आनंद उत्सव

**शहडोल , नवभारत।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह की उपस्थिति में जनपद पंचायत सोहागपुर के अंतर्गत कंचनपुर शासकीय हाई स्कूल में मकर संक्रांति के अवसर पर आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह ने कहा कि आनंद उत्सव का उद्देश्य गांव से शहर तक के लोगों को आनंद से जोड़ने की पहल है, इसमें महिलाओं बुजुर्गों युवाओं और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है इस उत्सव में सभी नागरिक बढ़कर सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव सकारात्मक सोच और मानसिक सुकून को बढ़ावा देता है। आनंद उत्सव के तहत खेलकूद एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की गतिविधियाँ आयोजित की गई।इस अवसर पर समाजसेवी अर्जुन सोनी, दौलत मनमानी, कैलाश विशनानी, भूपेंद्र मिश्रा सहित स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

# बाइक से 10 किलो गांजा ले जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल, नवभारत ।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए बाइक के जरिए गांजा ले जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई सोमवार शाम को की गई, जिसमें पुलिस ने लगभग 10 किलो गांजा बरामद किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ब्यौहारी के झरौसी इलाके से दो युवक बाइक पर गांजा लेकर पड़ोसी जिला सीधी में बिक्री के लिए जा रहे थे। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बाइक पर गांजे की खेप ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बनास धाम रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध बाइक को रोक लिया।तलाशी के दौरान बाइक के बीच में रखी एक बोरी बरामद हुई, जिसमें गांजा भरा हुआ था। पूछताछ करने पर बाइक



सवारों ने अपने नाम विनोद चर्मकार और बिहारी चर्मकार, दोनों निवासी ब्यौहारी, बताए। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे झरौसी क्षेत्र से गांजा लेकर सीधी जिले में बेचने जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 9 किलो 990 ग्राम गांजा और एक बाइक जब्त की है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और इस तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है।इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मोहन पड़वार की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में गांजा तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने साफकिया है कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षक संघ के अथक प्रयास से प्रदेश के शिक्षकों को मिला चौथा समयमान वेतनमान

**शहडोल, नवभारत ।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के अध्यक्ष लालजी तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव की कैबिनेट ने प्रदेश के शिक्षकों को चौथा समय मान वेतनमान प्रदान किया है जिसमें 135000 से लेकर 150000 के बीच शिक्षकों को 4000 से 5000 का फायदा प्रतिमान होगा मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष छत्रबीर सिंह राठौड़, महामंत्री राकेश गुप्ता एवं इसके साथ साथ समूची प्रांत कीइकाई को शिक्षकों की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद लगातार जिनके अथक परिश्रम से यह उपलब्धि शिक्षकों को भी मिल पाई है इसमें सहायक शिक्षक शिक्षक प्रधानाध्यापक प्राथमिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक पदोन्नति प्राप्त व्याख्याता प्राचार्य सभी को इसका लाभ मिलेगा।

# लोगों को यातायात नियम बताने पहुंचे स्वयं यमराज



▸सिंहपुर में यातायात जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**शहडोल, नवभारत।** बस स्टैण्ड एवं शहडोल-डिण्डौरी मुख्य मार्ग पर यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम के माध्यम से आने-जाने वाले राहगीरों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक द्वारा हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं यातायात संकेतों का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई।थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु समझाइश दी गई तथा बताया गया कि नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और जन-जीवन सुरक्षित रह सकता है। पुलिस विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की अपील की गई।

**लूट-खसोट** | 20 की जगह 30 रूपये मोटर सायकल से वसूली का आरोप

# गोदावल मेला के शुभारंभ होते ही ठेकेदारों ने शुरु की अवैध वसूली

**ब्योहारी, नवभारत।** मकर संक्राति के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्योहारी के संस्कृति विरासत व गौरवशाली धरोहर मानेजाने वाले गोदावल धाम पर विशाल मेला का शुभारम्भ आज 14 जनवरी को ब्योहारी विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा फीता काटकर किया गया। गोदावल धाम मे मेला का आयोजन सदियों पूर्व से मकर संक्राति के अवसर पर हो रहा है। इस मेले मे दूर दराज से लोग व छोटे बड़े ब्यापारी ब्यपार के लिये आते है और उत्साह के साथ लोग अपने परिवार के साथ मेले का आनंद लेने आते है। ब्योहारी क्षेत्र का यह धार्मिक स्थल गोदावलधाम मेले मे आने वाले सैकड़ो ब्यपारियों के जीवन यापन का एक प्रमुख




साधन भी है किन्तु कुछ वर्षो से नगरीय निकाय के देख रेख मे ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली कर गोदावल मेले की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

### अवैध वसूली से निकाय की छवि हो रही धूमिल

मेले की ब्यवस्था को लेकर नगर परिषद द्वारा विभिन्न मदो का ठेका दिया गया है जंहा ठेकेदारो द्वारा आम नगरीको से अघोषित लूट की जा रही है। मेले मे आने वाले लोगों का आरोप है कि सायकल स्टैंड मे ठेकेदार द्वारा प्रति मोटर सायकल 20 रूपये की जगह 30 रूपये वसूला जा रहा है और रसीद मे ठेकेदार द्वारा न तो मोटर सायकल का नंबर डाला जाता है और न ही पैसा दर्ज किया जा रहा है।

### वाहन गुमने पर कौन होगा जबाबदार

वाहन ठेकेदार द्वारा जारी किये जा रहे रसीद को लेकर आम नगरीको मे असमंजस व भय बना हुआ है। उनका कहना है कि वाहन ठेकेदार द्वारा जो रसीद दी जा रही है वह नगर परिषद से सत्यापित नहीं है। यदि मेला मे किसी का वाहन स्टैंड से चोरी हुआ तो उसका जबाब दार कौन होगा क्या इस रसीद के दम पर वाहन मालिक वाहन पाने के लिये क्लेम कर सकता है इस बात पर नगरीय प्रशासन को गौर करना होगा और आम लोगों के वाहन की सुरक्षा को लेकर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है।

**इनका कहना है**

शिकायत मिली है, ठेकेदार को निर्धारित पैसा लेने के लिये बोल दिया गया है इसके बाद भी अवैध वसूली होती है तो ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

**शरद गौतम**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद ब्योहारी**

गौरवशाली मेला है मैंने पहले भी पेपर और फेसबुक के माध्यम से कहा था और अब भी बोल रहा हूँ, यदि अवैध वसूली होगी तो कांग्रेस पार्टी मेला मे धरणा प्रदर्शन करेगी।

**विनोद ताम्रकार**
**पूर्व ब्लाक अध्यक्ष**
**कांग्रेस पार्टी ब्योहारी**

# भठिया में आयोजित होगी संभागीय पेंशनर्स कार्यशाला

**गोहपारू, नवभारत ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश की संभागीय पेंशनर्स कार्य शाला जगज्जननी दुर्गा मां की धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थली भठिया जैतपुर विकास खंड गोहपारू जिला शहडोल में दिनांक 01/02/2026 रविवार को आयोजित होने जा रही जिसमें शहडोल संभाग के तीनों जिलों के सभी ब्लाक तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारी सहित तीनों जिलों की जिला कार्यकारिणी सहित संभागीय इकाई के पदाधिकारियों की उपस्थिति अपेक्षित है । उक्त कार्य शाला संगठन को सक्रिय करने के उद्देश्य को लेकर संभागीय सचिव महेश प्रसाद द्विवेदी के अनुरोध पर संभागीय अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय की सहमति से जैतपुर तहसील के सक्रिय पेंशनर संभागीय मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार मिश्र के संयोजकत्व में शा माध्यमिक विद्यालय भठिया में आयोजित होने जा रही है । कार्य शाला में पेंशनर्स के हितों की जानकारी संगठन के माध्यम से उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से दी जाएगी तथा शासन से मिलने वाली सुविधाओं एवं संगठन में जुड़े रहने की महत्ता पर चर्चा की जायेगी, तथा मध्य प्रदेश सरकार की पेंशनर्स के प्रति उपेक्षा पूर्ण रवैए के संबंध में भावी रणनीति बनाने के साथ ही संगठन द्वारा आपसी सामंजस्य से कुछ नवाचार करने पर भी विचार संभावित हैं, साथ ही अन्य अनेक मुद्दों पर चर्चा की जायेगी,कार्य शाला में संभाग के प्रत्येक ब्लाक एवं तहसील ईकाई द्वारा की गई सदस्यता की जानकारी एवं आय-व्यय का ब्यौरा आवश्यक रूप से अपेक्षित है। कार्य शाला की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष रामनिवास पयासी द्वारा की जावेगी।